Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to include and develop places of religious importance in Rajgarh Parliamentary Constituency under the PRASAD Scheme

श्री रोड़मल नागर (राजगढ़): माननीय सभापति जी, मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र राजगढ़, मध्य प्रदेश में महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल मां बिजासन धाम (भेसवा माता) सारंगपुर, सांका श्यामजी मंदिर नरसिंहगढ़, माँ बगलामुखी मंदिर नलखेड़ा, घुरेल पशुपतिनाथ मंदिर ब्यावरा, जालपा माता मंदिर राजगढ़, छोटे महादेव एवं बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर राजगढ़, कोटरा की गुफाओं, 16 खंभ एवं प्राचीन हनुमान मंदिर (तीज बड़ली) नरसिंगढ़ की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। ये स्थल केवल राजगढ़ क्षेत्र ही नहीं अपितु देश भर के श्रद्धालुओं की लोक आस्था का केन्द्र है। प्रतिवर्ष यहां लाखों की संख्या में देश के विभिन्न स्थानों से श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ति हेतु आते हैं। श्रद्धालुओं हेतु आध्यात्मिक एवं पर्यटन की दृष्टि से मूलभूत एवं अधोसंरचनात्मक सुविधाओं की महती आवश्यकता है। अत: मैं केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि लोक आस्था के इन महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केन्द्रों को और अधिक गतिमान बनाने हेतु प्रसाद योजना "तीर्थ यात्रा कायाकल्प आध्यात्मिक समाधान राष्ट्रीय मिशन" में शामिल करने की कृपा करें।